




नवभारत

भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026


# खडेहा ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण की खुली पोल

## गुणवत्ता और जांच प्रक्रिया पर उठे गंभीर सवाल

**चंदला, 02 अप्रैल.** गौरीहार जनपद की खडेहा ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण कार्य को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है. निर्माण की गुणवत्ता और जांच प्रक्रिया दोनों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं.

मामले में सबसे बड़ा मुद्दा निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए गए सीमेंट को लेकर सामने आया है. आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीमेंट का बिल 30 जुलाई 2025 का है, यानी निर्माण के समय उपयोग किया गया सीमेंट करीब 5 से 6 महीने पुराना था. जबकि सीमेंट बैग पर स्पष्ट रूप से 'पैकेजिंग की तारीख से 3 माह तक उपयोग योग्य' लिखा होता है. ऐसे में इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है.

### पुराने सीमेंट के उपयोग पर सवाल

### संदेह के घेरे में आई जांच प्रक्रिया भी

11 नवंबर 2025 को मीडिया में मामला उजागर होने के बाद 12 नवंबर को एसडीओ मधु प्रजापति ने कार्य रुकवाकर सामग्री जांच के निर्देश दिए थे. लेकिन जांच करीब डेढ़ महीने बाद 26 दिसंबर के बाद कराई गई और इसके बाद कार्य फिर से पूरा कर दिया गया. इस देरी ने जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.



### जमीनी हकीकत अलग?

जांच रिपोर्ट में सीमेंट और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को संतोषजनक बताया गया है, जबकि उपयोग किया गया सीमेंट तय समय सीमा से काफी पुराना था. इससे रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की सीसी परत टूट रही है और मटेरियल हाथ में निकल रहा है, फिर भी जांच में सब कुछ सही कैसे पाया गया.

### अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल

इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है. विशेष रूप से एसडीओ मधु प्रजापति और उपयंत्री प्रगेश सिंह की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठ रहे हैं. वहीं, सीमेंट विक्रेता 'ईस्ट ट्रेडर्स' ने भी सीमेंट पुराना होने की पुष्टि की है.

### निष्पक्ष जांच की मांग

मामले को लेकर अब निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग उठ रही है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके.

# छतरपुर में विराजे 51 फीट के अष्टधातु महाबली

## संतों के सानिध्य में हुआ विश्व की अनूठी विशाल प्रतिमा का अनावरण

**छतरपुर, 02 अप्रैल.** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार को छतरपुर की पावन धरा एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी. शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जानराय टोरिया में पिछले 10 दिनों से चल रहे भक्ति महोत्सव का चरम उस समय देखने को मिला, जब 51 फीट ऊंची अष्टधातु से निर्मित भगवान हनुमान की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया.

### मंत्रोच्चार के बीच हुआ अनावरण

शास्त्रसम्मत शुभ मुहूर्त में सुबह ठीक 11:45 बजे सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया. इसके पश्चात शंखनाद और गगनभेदी जयकारों के बीच 51 फीट ऊंची अष्टधातु प्रतिमा का लोकार्पण हुआ. प्रतिमा की भव्यता और दिव्यता ने वहां उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. महाआरती के दौरान पूरा परिसर 'जय बजरंगबली' के जयघोष से गूंज उठा. इस दिव्य आयोजन में देशभर के प्रख्यात संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही. प्रमुख रूप से जगतगुरु श्री रामस्वरूपाचार्य महाराज, जानराय टोरिया के महंत भगवानदास श्रृंगारी, पीताम्बरा पीठ के पंडित बृजेश महाराज, महामंडलेश्वर सुरेंद्र दास, चोपरिया सरकार के महंत रामेश्वर दास, महंत रामचरन दास एवं महंत शीतल दास सहित अनेक संतों ने सहभागिता की और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया.



### विशाल भंडारे के साथ 10 दिवसीय अनुष्ठान संपन्न

विगत 24 मार्च से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में प्रतिदिन प्रख्यात कथावाचकों द्वारा श्रीराम कथा और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक लाखों श्रद्धालुओं के प्रसादी ग्रहण करने की संभावना है. आयोजन स्थल पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा.

### जानराय टौरिया पहुंचे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर



हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को जानराय टौरिया में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ. दोपहर करीब 12:30 बजे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे. उनके आगमन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल देखने को मिला. इस दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अष्टधातु से निर्मित 51 फीट ऊंची भगवान हनुमान की विशाल प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया. प्रतिमा के अनावरण के बाद उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर हनुमान जी के दर्शन किए और उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हनुमान जी की भक्ति से जीवन की हर बाधा दूर होती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है.

### बागेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का महाकुंभ

बुंदेलखंड की पावन धरा स्थित सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अभूतपूर्व उत्साह और अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया. सुबह की पहली किरण के साथ ही पूरा धाम बालाजी महाराज के जयकारों और महाआरती की गूंज से भक्तिमय हो उठा. देश-दुनिया के कोने-कोने से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप दे दिया. उत्सव का शुभारंभ तड़के षोडशोपचार पूजन के साथ हुआ. विद्वान आचार्यों के सानिध्य में पंचामृत और गौदुग्ध से बालाजी सरकार का महाभिषेक किया गया. इसके पश्चात सुगंधित पुष्पों और स्वर्ण-रजत आभूषणों से प्रभु का भव्य महाश्रृंगार किया गया. जैसे ही दर्शनों के लिए पट खुले, भक्तों की लंबी कतारें 'जय सियाराम' के जयकारों से गूंज उठीं. बालाजी को 56 भोग, विशेष मिठाइयों और ताजे फलों का नैवेद्य अर्पित किया गया.

### भक्तों के लिए बढ़ाया गया दर्शन का समय

श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भीषण गर्मी को देखते हुए धाम प्रबंधन ने विशेष निर्णय लेते हुए दर्शन का समय बढ़ा दिया. कतार में लगे अंतिम व्यक्ति तक दर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पट बंद होने का समय सामान्य से एक घंटे अधिक रखा गया.

## एक नजर में



### हनुमान प्राकट्योत्सव पर भव्य शोभायात्रा

**हरपालपुर.** जिलें में गुरुवार को सिद्ध स्थान पूछा हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भव्य प्राकट्योत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने रेलवे स्टेशन स्थित शंकर जी मंदिर में भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चन एवं चोला चढ़ाने की परंपरा निभाई. इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गों से होकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और अंजनी पुत्र हनुमान की आरती उतारी. शोभायात्रा पूछा हनुमान मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया. इस अवसर पर प्रसादी वितरण भी किया गया.



### सवा दो किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर.** सिविल लाइन थाना पुलिस ने सागर रोड स्थित काशीराम कॉलोनी से सवा दो किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र चतुर्वेदी के रूप में हुई है. पुलिस ने उसके कब्जे से करीब सवा दो किलो गांजा बरामद किया है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले की जानकारी 2 अप्रैल को सुबह करीब 11:00 बजे प्रेस नोट जारी कर दी.

**शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

# स्कूलों में लटका ताला, शिक्षक नदारत

**छतरपुर 2 अप्रैल.** गौरिहार ब्लॉक के नाहरपुर संकुल अंतर्गत आने वाले कई शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है.

जानकारी के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला हरबंशपुर और शासकीय प्राथमिक शाला चुकेहटा में स्कूल समय के दौरान ताले लटके मिले. वहीं शासकीय माध्यमिक शाला धुरारा में भी यही स्थिति देखने को मिली, जहां विद्यालय बंद पाया गया और कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी उपस्थित नहीं था. इसी तरह शासकीय माध्यमिक शाला गोहानी में स्थिति और भी चिंताजनक रही. यहां केवल प्रभारी ही मौजूद मिले, जबकि पूरा शिक्षकीय स्टाफ नदारत रहा. इससे छात्रों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो रही है. वहीं शासकीय हाई स्कूल गोहानी में भी गंभीर लापरवाही सामने आई, जहां प्राचार्य सहित तीन शिक्षक — दिनेश शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला और पूर्णिमा मिश्रा — अनुपस्थित पाए गए. विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति से साफ जाहिर होता है कि घर बैठे वेतन ले रहे है.





### इनका कहना है

मुझे आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है हम जांच करवाते है कार्यवाही होगी.

**राजा भैया प्रजापति**
**संकुल प्रभारी, नाहरपुर**

### ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

लगातार हो रही इस प्रकार की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. अभिभावकों का कहना है कि शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते, जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है. कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है. ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और विद्यालयों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो.



# पिता को उतारा मौत के घाट

## बेटे ने खेत में दिया वारदात को अंजाम

**छतरपुर 2 अप्रैल. जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पनौठा गांव के रगुनिया पुरवा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बेटे ने अपने ही पिता की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी.**

**पनौठा गांव के रगुनिया पुरवा की घटना**

जानकारी के अनुसार, मृतक पंचू कुशवाहा पर उसके बेटे ने खेत पर ही हमला कर दिया. विवाद के दौरान आरोपी ने लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे गंभीर चोटें लगने के कारण पिता की मौके पर ही मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. एडिशनल एसपी आदित्य पटले ने गुरुवार दोपहर 12 बजे मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है. घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

### ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, तीन बाइक सवार घायल

बमीठा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी. यह हादसा राजा रानी ढाबे के पास हुआ, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में किशनगढ़ थाना क्षेत्र निवासी अमर बंसल, विशाल बंसल और प्यारेलाल बंसल घायल हो गए. टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों की मदद की और उन्हें तुरंत अस्पताल भिजवाया. घायलों को जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है.

**1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक ब्लॉक स्तर पर आयोजन**

# जिले में पुस्तक-गणवेश मेला शुरू

**छतरपुर, 2 अप्रैल.** नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ ही जिले में विद्यार्थियों और अभिभावकों की सुविधा के लिए पुस्तक-गणवेश मेले का आयोजन शुरू हो गया है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा यह मेला ब्लॉक स्तर पर 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है. मेले में प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी तक के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक किताबें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म और जूते एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं. खास बात यह है कि सभी सामग्री अधिकतम खुदरा मूल्य से कम से कम 15 प्रतिशत की छूट पर दी जा रही है.

**किताबों व यूनिफॉर्म पर 15% तक छूट, अभिभावकों को मिली राहत**

प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हो रहे इस मेले में विभिन्न विक्रेताओं द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं. साथ ही आयोजन स्थल पर छाया, पेयजल और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं. प्रशासन की इस पहल से अभिभावकों को अलग-अलग दुकानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और विद्यार्थियों की नए सत्र की तैयारियां आसानी से पूरी हो सकेंगी.

# 15 अप्रैल से शुरू होगी गेहूं खरीदी

**छतरपुर, 02 अप्रैल.** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. शासन के निर्देशानुसार पंजीकृत किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा. इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिस पर 40 रुपए बोनस जोड़कर किसानों को कुल 2625 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान किया जाएगा. जिले में गेहूं खरीदी के लिए कुल 80 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं. इन केंद्रों पर सप्ताह में पांच दिन (सोमवार से शुक्रवार) सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक खरीदी की जाएगी. उपार्जन का कार्य म.प्र. सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के माध्यम से किया जाएगा.

- **एमएसपी 2625 रुपए प्रति क्विंटल तय**
- **जिले में 80 उपार्जन केंद्र बनाए गए**

**जनकल्याणकारी योजना** | **बागवानी से बढ़ी आय**

# 'मां की बगिया' योजना से महिलाओं का सशक्तिकरण

**चंदला, 02 अप्रैल. गौरीहार जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरहा में शासन की जनकल्याणकारी 'मां की बगिया' योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं. इस हितग्राही मूलक योजना का लाभ ग्राम की नेहा कुशवाहा को मिला है, जिससे उनका परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है.**

नेहा कुशवाहा, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी हैं, योजना के माध्यम से बागवानी कर रही हैं. उनके द्वारा लगाए गए फलदार पौधों से हर मौसम में फलों की प्राप्ति हो रही है, वहीं खाली भूमि में सब्जियों का उत्पादन कर अतिरिक्त आय अर्जित की जा रही है. इस प्रकार उन्हें दोहरा लाभ मिल रहा है. ग्राम पंचायत बरहा की सरपंच हीरामणि राजकुमार कुशवाहा लगातार यह प्रयास कर रही हैं कि पंचायत में पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले और विकास कार्यों में गुणवत्ता बनी रहे. इस दौरान उन्हें कई बार दबाव और विरोध का सामना करना पड़ा, फिर भी वे अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं.

हाल ही में योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण सरपंच हीरामणि राजकुमार कुशवाहा एवं सहायक यंत्री गौरीहार जनपद एसडीओ मधु प्रजापति द्वारा किया गया, जिसमें कार्य को संतोषजनक पाया गया. ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की योजनाएं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ उनकी आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा दे रही हैं.



ग्रामीणों का कहना है कि यदि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र और जागरूक हितग्राहियों को पारदर्शी तरीके से मिले, तो इसके सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं. वहीं, गलत चयन होने पर योजनाओं का उद्देश्य प्रभावित होता है.

# फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य, 2 अप्रैल तक चला प्रशिक्षण

**छतरपुर, 02 अप्रैल.** जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिले में फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण जारी है. ई-दक्ष केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ट्रेनियों से जनगणना से जुड़े प्रश्न पूछे और उन्हें सटीक एवं त्रुटिरहित कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें. साथ ही फील्ड में डाटा एंट्री करते समय जानकारी को सही तरीके से दर्ज कर अनिवार्य रूप से क्रॉस चेक करने के निर्देश भी दिए. जानकारी के अनुसार, जनगणना के प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं भवनों की गणना का कार्य किया जाएगा. इसके लिए भोपाल से नियुक्त मास्टर ट्रेनर ब्योंम जॉर्ज और रघुवंश गुरदेव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

**जनगणना 2027**





कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना की पूरी प्रक्रिया सुचारू एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके.